प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचन्द्र रामगुलाम ने वाराणसी में द्विपक्षीय मुद्दों पर की वार्ता : भारत, मॉरिशस को देगा एक विशेष आर्थिक पैकेज।
2. दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर दिया जोर : मॉरिशस के प्रधानमंत्रो आज गंगा आरती में हुए शामिल, कल करेंगे श्रीरामलला का दर्शन।
3. गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ समेत 5 हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन प्रोग्राम का किया वर्चुअली उद्घाटन : कहा–सुविधा और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों को मिलेगा बढ़ावा।

और

4. अस्थिर हालात को देखते हुए नेपाल सीमा से लगे प्रदेश के सभी जिलों में पेट्रोलिंग तेज : सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल की जेल से भागे लगभग 60 कैदियों को पकड़ा।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचन्द्र रामगुलाम ने आज वाराणसी में द्विपक्षीय मुद्दों पर वार्ता की। वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को सहमति प्रदान की गई। वार्ता के बाद

संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ हाते संबंधों की पुष्टि करते हुए कहा भारत और मॉरिशस दो राष्ट्र हैं, लेकिन उनके सपने एक हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने मॉरिशस की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज देने का निर्णय लिया है। बाइट.....

*आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक स्पेशल इकॉनॉमिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने हमेशा से मॉरिशस में उपनिवेशवाद के उन्मूलन और उसकी सम्प्रभुता को पूर्णमान्यता देने का समर्थन किया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत के बाहर पहला जन औषधि केन्द्र मॉरिशस में स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि आज की वार्ता में मॉरिशस में आयुष सेंटर ऑफ एक्सिलेंस समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने और उर्जा सुरक्षा में भागीदारी पर भी सहमति बनी है। बाइट.....

*ऊर्जा सुरक्षा हमारी भागीदारी का एक अहम स्तंभ है। भारत मॉरिशस के एनर्जी ट्रांजिशन में सहयोग दे रहा है। मॉरीशस को हंड्रेड इलेक्ट्रिक बसें दी जा रही हैं जिसमें से दस पहुंच चुकी है। ऊर्जा के क्षेत्र में संपन्न हुए कॉम्प्रिहेंसिव। पार्टनरशिप समझौते से इसे और बल मिलेगा। हमने तमारिन फॉल्स में सत्रह पॉइंट पाँच मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट के निर्माण में सहयोग देने का निर्णय लिया है। ह्यूमन रिसर्च डेवलपमेंट में हम लंबे समय से सहयोग करते आए हैं।*

इस अवसर पर मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा कि भारत और मॉरिशस के बीच संबंध बीते कुछ वर्षों में और मज़बूत हुए हैं। उन्होंने भारत की ओर से मिलने वाले विशेष आर्थिक पैकेज के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि आज हुए समझौते मॉरिशस में स्वास्थ्य, ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर, विज्ञान आदि को मज़बूत बनाएंगे। आज हुई द्विपक्षीय वार्ता के बारे में जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि आज दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। उन्होंने कहा कि मॉरीशस हमारी नबरहुड फर्स्ट नीति का एक अभिन्न अंग होने के साथ ही ग्लोबल साउथ के प्रति प्रतिबद्धता का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध घनिष्ठ जन संबंधों, बढ़ते व्यापार, आर्थिक, वित्तीय और निवेश संबंध और विकासात्मक साझेदारी पर आधारित है। हमारे संवाददाता ने आज हुई द्विपक्षीय वार्ता के बारे में जानकारी दी।

*दोनो नेताओं के बीच बातचीत में सहयोग के सभी क्षेत्र शामिल रहे। विज्ञान और तकनीक, ओशनोग्राफी, प्रशासनिक प्रशिक्षण और टेलीमेट्री में चार एमओयूस देशों के बीच आदान–प्रदान किए गए। शक्ति क्षेत्र, भारतीय अनुदान सहायता से छोटे विकास परियोजनाएं और हाइड्रो ग्राफी से जुड़ी तीन अन्य दस्तावेज भी दोनों देशों ने साझा किए। बातचीत में सिविलाइज़ेशंस टाइस, आध्यात्मिक संबंध और पीपुल टू पीपुल टाइस को फिर से प्रगाढ किया गया। आलोक राय, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

तीन दिवसीय काशी यात्रा पर आए मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने आज गंगा आरती में शिरकत की। कल सुबह वह श्री काशी विश्वनाथ में दर्शन करने के बाद अयोध्या के लिए रवाना होंगे। अयोध्या के ज़िलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि अयोध्या में मॉरिशस के प्रधानमंत्री श्री रामलला मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। बाइट.....

*एयरपोर्ट पर हम लोग उनको एक शानदार रेड कारपेट वेलकम देंगे जिसमें कि वहाँ की स्थानीय जो है वो हम लोग शो करने का प्रयास करेंगे और उसके पश्चात उनको हम लोग राम जन्मी मंदिर ले जाएंगे जहाँ पर की रामलला जी के दर्शन और उसके बाद हम लोग मंदिर है उसके प्रांगण में उनको अवलोकन कराएंगे प्यार से मंदिर तेज़ी से विकसित हो रहा है और उसके पश्चात फिर उनको यहाँ से एयरपोर्ट ले जाकर के एयरपोर्ट से हम लोग अपने गंतव्य के लिए रवाना।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

गृह मंत्री अमित शाह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लखनऊ समेत तिरुवनंतपुरम, त्रिची, कालीकट और अमृतसर हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन–ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तेज़, सुगम और सुरक्षित इमिग्रेशन क्लियरेंस के साथ अंतर्राष्ट्रीय आवागमन को सुगम बनाना है। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन प्रोग्राम एक विश्वसनीय यात्री कार्यक्रम है, जो इमिग्रेशन को सरल, तेज़ और बाधा रहित बनाता है। उन्होंने कहा कि इससे सुविधा और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों को बढ़ावा मिलेगा। बाइट....

*फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन, ट्रस्टेड, ट्रेवल प्रोग्राम, कन्वीनियंस और नेशनल सिक्योरिटी दोनों को बढ़ावा देने वाला एक प्रकार से कार्यक्रम है। तेरह एयरपोर्ट का एक साथ आज कार्यवाही शुरू हो रही है। सुनिश्चित रूप से बड़ा फायदा हुआ है। कोई लंबी लाइन नहीं, कोई मैन्युअल चेकिंग नहीं, कोई विलंब नहीं। सिर्फ तीस सेकेंड में इमिग्रेशन क्लीयरेंस मिलता है। अब तक लगभग तीन लाख यात्रियों ने इस पोर्टल पर पंजीकरण किया है।*

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद में आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति दी गई। आज हम ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए किए गए सुधारों की बात कर रहे हैं।

*इन सुधारों के अंतर्गत 350 सीसी से कम इंजन क्षमता वाले दोपहिया वाहनों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिय ागया है। वहीं 12 सौ सीसी से कम की पेट्रोल और 15 सौ सीसी से कमकी डीजल कार जिनकी लंबाई  चार मीटर से अधिक ना हो उन पर जीएसटी की दर को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। ऑटोमोबाइल व्यापारी रंजीत मिश्रा ने नए जीएसटी सुधारों को दिवाली का तोहफा बताया है।*

*जिस तरीके से उन्होंने जीएसटी 28 परसेंट से ऑटोमोबाइल पर 18 परसेंट लेकर आए, दस परसेंट के अराउंड बहुत मायने रखता है और उसके अलावा 35 ऐसी वस्तुएं हैं जिस पर जीएसटी निल कर दिया गया है। ऑटोमोबाइल उद्योग अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महंत दिग्विजयनाथ की 56वीं और महंत अवेद्यनाथ की 11वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ समाज, राष्ट्र और लोक जीवन से जुड़े हर मुद्दे पर सनातन धर्म और भारत के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने कहा कि दोनों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभ्य समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला माना। बाइट.....

*महिला शिक्षा को लेकर के तकनीकी शिक्षा को लेकर के आयुष की शिक्षा को लेकर के एक संस्कृत की शिक्षा को लेकर के यानी जीवन के हर एक पक्ष को लेकर के जहाँ ये अभियान चल रहा था क्योंकि वो जानते थे*

*किसी भी सभ्य समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही हो सकती है। संस्कारों से युक्त शिक्षा ही हो सकती है।*

———————————

नेपाल में जारी संकट के मद्देनज़र सीमा से लगे प्रदेश में के सभी जिलों में हाई अलर्ट जारी है। एसएसबी, पीएसी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें पेट्रोलिंग कर सीमाओं की निगरानी कर रही हैं। प्रदेश के सीमावर्ती ज़िलों में बॉर्डर पर आवाजाही रोक दी गई है। इस बीच सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल की जेल से भागे लगभग 60 कैदियों को पकड़ा है। इनमें से 22 कैदी उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती ज़िलों में पकड़े गए हैं। सरकार ने भारतीय नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा न करने की सलाह दी है।

———————————

प्रदेश में रुक–रुक बारिश औऱ बांधों स पानी छोड़े जाने के कारण फर्रुखाबाद ,कानपुर नगर, गाज़ीपुर और बलिया में गंगा वहीं मथुरा और इटावा में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राज्य के 29 जनपदों की लगभग तीन लाख बीस हज़ार की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राज्य के पश्चिमी हिस्से में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

———————————